ओ प्यारे मोहन | By Ashok Shauq

ओ प्यारे मोहन तेरी सुरतिया जादूगर है
बंसी की धुन और तेरी मुरलिया जादूगर है

तूने गोकुल में बंसी बजाई
सारी गोपियाँ दौड़ी दौड़ी आई
ओ प्यारे मोहन तेरी सुरतिया जादूगर है
बंसी की धुन और तेरी मुरलिया जादूगर है

प्रीत राधा से ऐसी निभाई
पूरी दुनिया में उनकी बड़ाई
ओ प्यारे मोहन तेरी सुरतिया जादूगर है
बंसी की धुन और तेरी मुरलिया जादूगर है

किया मीरा ने प्रेम निराला
वो तो पी गई थी विष का प्याला
ओ प्यारे मोहन तेरी सुरतिया जादूगर है
बंसी की धुन और तेरी मुरलिया जादूगर है

सूरदास तेरा मतवाला
सूरसागर ही है रच डाला
ओ प्यारे मोहन तेरी सुरतिया जादूगर है
बंसी की धुन और तेरी मुरलिया जादूगर है

शौक़ कृष्ण कन्हैया गिरधारी
इनकी मोहनी छवि प्यारी प्यारी
ओ प्यारे मोहन तेरी सुरतिया जादूगर है
बंसी की धुन और तेरी मुरलिया जादूगर है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%93-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%8b%e0%a4%b9%e0%a4%a8-by-ashok-shauq/